दीपावली पूर्व स्नेह मिलन में 104 दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नवजीवन सेवा समिति एवं माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र की ओर से दीपावली पूर्व स्नेह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्पर्श भवन स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 104 दिव्यांग बच्चे शामिल हुए।

इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उनके लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। समिति की ओर से सभी बच्चों को दीपावली के उपहार भी भेंट किए गए। समिति अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने संस्था के कार्यों की जानकारी देते हुए विद्यालय को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बच्चों से जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।

समिति के प्रवक्ता भगवान दास ढालिया ने कहा कि दीपावली जरूरतमंदों और विशेष बच्चों के जीवन में खुशियों का प्रकाश पहुंचाने का अवसर है।

समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में तरंग अग्रवाल, नेहा गुप्ता और गौरव भार्गव सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



नरक चतुर्दशी पर मुक्तिधामों में जलेंगे 'एक दिया पुरखों के नाम'

नप्र, भोपालः संस्था आनंद गोष्ठी की ओर से इस वर्ष भी नरक चतुर्दशी पर 'एक दिया पुरखों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद मालू द्वारा शुरू किए गए इस आयोजन का यह 16वां वर्ष है। इसके तहत 7 नवंबर को संस्था के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शहर के सभी श्मशान घाटों के मुख्य द्वार पर पूर्वजों के नाम दीपक जलाएंगे और रंग-बिरंगी रंगोली सजाएंगे। इस दौरान पूर्वजों का पुण्य स्मरण कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना की जाएगी। साथ ही अपनी त्रुटियों के लिए प्रायश्चित और क्षमायाचना भी की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम शनिवार शाम 5:30 बजे जूनी इंदौर मुक्तिधाम में संस्था के संयोजक लव गोविंद मालू के नेतृत्व में होगा।

शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में 164 नए संविदा चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति

भोपाल। प्रदेश में शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश ने शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में 164 नए संविदा चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की है। इससे नागरिकों को घर के नजदीक समय पर चिकित्सकीय परामर्श और उपचार की सुविधा मिल सकेगी। सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को दूरस्थ स्वास्थ्य संस्थानों तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। साथ ही गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन, गैर-संचारी रोगों की जांच तथा बीमारियों की शुरुआती पहचान और उपचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ने जीता सेंट जॉर्ज कप खो-खो टूर्नामेंट



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सेंट जॉर्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 13वें अंतरविद्यालयीन सेंट जॉर्ज कप खो-खो टूर्नामेंट में 26 विद्यालयों की 65 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्गों के 780 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए।

बालिका अंडर-19 वर्ग के फाइनल में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट, ईदगाह हिल्स ने राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी सौम्या नाहर की कप्तानी में प्रकाश विद्यालय को 20-0 से हराकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में टीम ने डीएम को-एड स्कूल को 13-1 से हराया था, जबकि क्वार्टर फाइनल में ईजी कॉन्वेंट स्कूल को पराजित किया था।

सौम्या नाहर को प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम में सौम्या नाहर, विर्ती नाहर, हुमेरा फातिमा खान, राशि खुबचंदानी, रुमैसा अहमद, वर्तिका खंडेलवाल सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहीं।

टीम के प्रशिक्षक विष्णुकांत सहाय और मैनेजर अमनदीप कौर हैं। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर लिली, उप प्राचार्या सिस्टर स्टेनिया और खेल विभागाध्यक्ष रवदीप सिंह मल्हारी सहित शिक्षकों ने टीम को बधाई दी।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री कमलेश गेहानी आत्मज श्री विष्णु गेहानी, वर्तमान निवासी 3330S सेपुलबेड़ा बिलविड अपार्टमेन्ट नम्बर 01, लास एन्जिलस C.A.-90034 के स्वत्व, स्वामित्व की सम्पत्ति दो व्यवसायिक दुकान क्रमांक एफ-01 एरिया 400 वर्गफिट एवं एफ-02 एरिया 400 वर्गफिट कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफिट (74.35 वर्गमीटर) जो भूखण्ड क्रमांक 13, 14, 15 व 16 पर निर्मित बहुमंजिला भवन अलार्क शॉपिंग मॉल की प्रथम तल पर ग्राम-नयापुरा (नेवरी नरसिंहगढ़ रोड पर) एयरपोर्ट रोड, लालघाटी वार्ड नं. 06 तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है को उनके मुख्तारेआम श्री कमलेश कुमार बावानी आत्मज श्री खियलदास बावानी, निवासी एस-02, श्रद्धा अपार्टमेन्ट लक्ष्मन नगर निर्मल नर्सरी, बैरागढ़ भोपाल से उपरोक्त सम्पत्ति को विक्रय/क्रय करने के संबंध में मेरे पक्षकार से आपसी सहमति हो गई है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, विभाग, संस्था, सोसायटी, बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो अथवा किसी प्रकार का कोई प्रकरण/वाद-विवाद/व्यवहार / लेन-देन आदि हो तो वह ब मय मान्य दस्तावेज सुबूत के आगामी 10 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं दी गई समय अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति दुकान नं.-एफ-01 एवं एफ-2 की रजिस्ट्री/विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के नाम पर करा लिया जाएगा, उसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

Shrikant Malviya
Advocate
88, Lamba Kheda Berasia Road, Bhopal,
M. 9303135050, 9303138085

3080

कार्यालय प.ह.नं. 73 मुख्यालय सेमरी बाज्यफ्त रा.नि.मं. 07 मुगालिया छाप तहसील- हुजूर जिला-भोपाल (म.प्र.)

ग्राम का नाम-खारपा
प.ह.नं.-73 तहसील हुजूर जिला- भोपाल

सूचना पत्र

प्रति, 1. प्रमोद पाटीदार पुत्र रमेश चन्द पाटीदार निवासी पी 42 प्रियदर्शनी पैरामाउंट नियर आशिमा माल भोपाल (म.प्र.)। 2. प्रियंका खरे पत्नी नितिन खरे निवासी छतरपुर (म.प्र.)। वार्ड नंबर 22 तिलक लगी वार्ड नरसिंहगढ़, 3. मनीष मेहता पुत्र अनिल मेहता निवासी 5 ए/303 थर्ड फ्लोर सागर लाइफ स्टाइल, सलैया भोपाल (म.प्र.)। 4. मंजीत सिंह मारन पुत्र एम.एल. मारन निवासी-89-90 एडी राजहर्ष कॉलोनी नयापुरा, कोलार रोड़ भोपाल (म.प्र.)। 5. अनीता सिंह रावत पत्नी धरम सिंह रावत निवासी एलआईजी 171 अम्बेडकर नगर लुम्बीनी परिसर भोपाल (म.प्र.)। 6. संगीता वर्मा पत्नी उदय वर्मा निवासी बी 13 आम्र विहार कॉलोनी नयापुरा कोलार रोड़ भोपाल (म.प्र.)। 7. संजीव कुमार आत्मज श्री एल.एस. मालवीय निवासी ग्राम खारपा तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)। 8. समस्त मेढिया कृषक /हितबद्ध पक्षकार। **एतद द्वारा** सूचित किया जाता है कि संजीव कुमार आत्मज श्री एल.एस. मालवीय निवासी- ग्राम खारपा तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम खारपा प.ह.नं.-73 तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा नंबर 422/1 रकबा 0.950 हे. में से रकबा 0.765 हे. भूमि का बटवारा किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण कर मेरे द्वारा दिनांक 12/11/2026 को समय दोपहर 01:00 बजे स्थल पर प्रस्तावित फर्द बटवारा एवं अक्स बटांकन की कार्यवाही की जावेगी। आवेदक एवं हितबद्ध पक्षकार होने के कारण एवं उक्त भूमि का बटवारा (खाता विभाजन मय नक्शा बटांकन) से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में शासकीय कार्य रोका नहीं जायेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी आज दिनांक 05/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **नोट-1.** अपरिहार्य कार्य की वजय से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 2. आवेदक द्वारा स्वयं के व्यय से दैनिक समाचार पत्र में सूचना पत्र का प्रकाशन कराया जा सकता है।

पूजा पुरोहित पटवारी, प.ह.नं. 73 मुख्यालय सेमरी बाज्यफ्त रा.नि.मं. 07 मुगालिया छाप तहसील- हुजूर जिला-भोपाल (म.प्र.)

3079

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लैट/भवन क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. 24 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्री गोविन्द तिवारी आत्मज श्री बद्रीनारायण तिवारी के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01/09/1994 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री गोविन्द तिवारी द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02/03/1995 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री भरत सहाय श्रीवास्तव आत्मज श्री सुन्दरलाल श्रीवास्तव को विक्रय कर दिया गया है। परन्तु श्री भरत सहाय श्रीवास्तव द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही कराये बिना ही उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13/10/2014 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्रीमती चांदनी पत्नी श्री अब्दुल वली सिद्दीकी को विक्रय कर दिया गया है। संपत्ति के केता श्रीमती चांदनी द्वारा आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 13/10/2014 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी एवं विक्रेता श्री गोविन्द तिवारी आत्मज श्री बद्रीनारायण तिवारी एवं श्री भरत सहाय श्रीवास्तव आत्मज श्री सुन्दरलाल श्रीवास्तव एवं उनके परिवार का वर्तमान में कहीं पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजों एवं विक्रय विलेख दिनांक 13/10/2014 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री गोविन्द तिवारी आत्मज श्री बद्रीनारायण तिवारी से श्री भरत सहाय श्रीवास्तव आत्मज श्री सुन्दरलाल श्रीवास्तव के नाम हस्तान्तरित करते हुए श्रीमती चांदनी पत्नी श्री अब्दुल वली सिद्दीकी के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

3078

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उद्धवदास मेहता परिसर नेहरु नगर, भोपाल में स्थित प्रकोष्ठ /फ्लैट क्र. एच.आई.जी. एच.एस. 07 भूतल, मंडल व्दारा श्री लाल चाँद सूर्यवंशी आत्मज श्री कन्हैया लाल सूर्यवंशी के नाम से आवंटित है, उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/03/2010 को पंजीकृत है। श्री लाल चाँद सूर्यवंशी से उक्त संपत्ति श्री शिव पूजन सिंह आत्मज श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 30/09/2026 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दसत्वेज प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति श्री शिव पूजन सिंह आत्मज श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

3077

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नेहरु नगर, भोपाल में स्थित भवन क्र.- जूनियर एम.आई.जी. सी/45 (सी-सेक्टर) मंडल द्वारा श्री मयंक श्रीरसागर आत्मज स्व. श्री सुनील श्रीरसागर के नाम से हस्तांतरित है, उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08/05/1987 को पंजीकृत है एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 29/07/2015 को पंजीकृत है। श्री मयंक श्रीरसागर से उक्त संपत्ति श्री सुरेश सबनानी एवं श्रीमती कंचन सबनानी ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 12/10/2026 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दसत्वेज प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति श्री सुरेश सबनानी एवं श्रीमती कंचन सबनानी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे । समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

3076

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल

प्रापर्टी आई.डी. नं. 0428000479 , आवेदन क्रमांक-13726, आवेदन दि. 04/11/2026 क्रमांक 2412 /राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दिनांक 06/11/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 479 सेक्टर 9/ए, 1. श्रीमती मंजू शुक्ला पत्नी स्व. श्री गिरिश चन्द्र शुक्ला, श्री देवेन्द्र शुक्ला एवं श्री राहुल शुक्ला पुत्रगण स्व. श्री गिरिश चन्द्र शुक्ला के संयुक्त नाम पर आवंटित है। संयुक्त आवंर्ट से श्रीमती मंजू शुक्ला का स्वर्गवास दिनांक :26/08/2019 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस 1. श्री देवेन्द्र शुक्ला एवं श्री राहुल शुक्ला पुत्रगण स्व. श्री गिरिश चन्द्र शुक्ला द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य /दस्तावेजों के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी,
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

3075

दस्तावेज गुम सूचना

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति सीमा शिवहरे पत्नि श्री भुनेश्वर प्रसाद शिवहरे निवासी मकान नं. 146, सेक्टर बी, इंद्रानगर, मंडीदीप, तह. गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. की निवासी है, मकान नं. 146, सेक्टर बी, इंद्रानगर, मंडीदीप, जो मेरे पक्षकार की क्रय सम्पत्ति है, जिसके दस्तावेज का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय ओबेदुल्लागंज में ग्रथ क्र. 1516 पृष्ठ क्रमांक 08, 65 से 72 तक पर दस्तावेज क्रमांक 931, दिनांक 14.12. 2007 को पंजीबद्ध है, जिसके पूर्व के पंजीबद्ध दस्तावेज जो पूर्व विक्रेताओं के नाम पंजीबद्ध है, 1. भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल से पंजीवद्ध लीजडीड जो मो. रफीक आ. अ.शकूर निवासी भोपाल द्वारा निष्पादित है, जो दस्तावेज क्रमांक 866, ग्रंथ क्रमांक 549, दिनांक 15.02.1990 को उपपंजीयक कार्यालय ओबेदुल्लागंज में पंजीवद्ध है, 2. मो.रफीक आ. अ.शकूर निवासी भोपाल के मुख्त्यार आम श्री घांसीराम चौकसे आ. स्व.श्री जे.पी.चौकसे के द्वारा श्रीमति कलाबाई चौकसे पत्नि श्री घांसीराम चौकसे निवासी 54, कुम्हारपुरा शाहजहांनाबाद भोपाल के पक्ष में निष्पादित है जिसका दस्तावेज क्रमांक 1054, ग्रंथ क्रमांक 869, दिनांक 16.02.1995 को उपपंजीयक कार्यालय ओबेदुल्लागंज में पंजीबद्ध है, उक्त दोनों दस्तावेज की मूलप्रति मेरे पक्षकार से आते जाते समय कहीं मिस(गुम) हो गये हैं, अनेक प्रयत्नों के उपरांत भी मिल नहीं सका है, जिसकी गुम सूचना थाना मंडीदीप में दे दी है, उक्त दस्तावेज का मेरे पक्षकार द्वारा किसी भी प्रकार से दुरूपयोग नहीं किया गया है, अगर ऐसा पाया जाता है तो संपूर्ण जवावदारी मेरे पक्षकार की होगी या भविष्य में दस्तावेज प्राप्त होता है तो पक्षकार द्वारा संबंधित ऋण प्रदाय करता संस्था को प्रस्तुत करेगा। उक्त दस्तावेज पक्षकार से कहीं गुम हो गया है, जिन्हे बहुत खोजने पर भी नहीं मिल रहे हैं। पक्षकार के अलावा अन्य जिस किसी सज्जन को प्राप्त हो मुझे सूचित करें।

भवदीय **सरिता शौर्या** अधिवक्ता
Office:-Chitransh Enterprises(Chitransh Typing) Mandideep, Distt Raisen M.P.
मो-9425301684

3074

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

क्रमांक/ भोपाल दिनांक 4/11/2026
प्रकरण क्रमांक: 0293/बी-121/2025-26

सूचना-पत्र

सैयद राशिद हुसैन आ. सैदय अजीज अहमद निवासी ग्राम सूखी सेवनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रंजन मेहता पत्नि श्री हर्षद मेहता निवासी-एच-18, निशात कॉलोनी 74, बंगले, जिला भोपाल म0प्र0 द्वारा प्रकरण क्रमांक 0265/अ-12/2025-26 में आदेश दिनांक 02.09.2025 से दुखी एवं व्यथित होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18.11.26 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील हुजूर भोपाल (म.प्र.)

3073

सूडोकु नवताल- 7953

★★★★★ कठिनतम

			4				3	
		6		2		4		
		8			5			
	3						7	
7				4				9
	9						5	
			2			1		
		1		7		6		
	5				3			


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7952 का हल


7	8	5	4	2	9	6	3	1
3	6	4	1	5	7	8	9	2
9	2	1	6	3	8	7	4	5
6	5	3	2	8	4	9	1	7
1	7	2	3	9	6	4	5	8
4	9	8	7	1	5	2	6	3
2	4	7	5	6	1	3	8	9
5	3	9	8	4	2	1	7	6
8	1	6	9	7	3	5	2	4

काकुरो पहेली - 7626




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 7625 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9034




बाएँ से दाएँ

1. कलाकार,अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला,वेणी-3
6. पैर,पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश,बंजारा-4
11. राशन,खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल,रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी,जल-2
23. नौका-2
24. देह,काया,शरीर-3
25. अगुवा,राह दिखाने वाला-4

ऊपर से नीचे


1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग,पथ-2
8. गागर,घड़ा,घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या,कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा,गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक,मसखरा-3
22. ईश्वर,भगवान-2
23. बटन,स्विच-2

शब्द पहेली -9033 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7465



बायें से दायें:-

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम ?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका ?-२,२

ऊपर से नीचे:-

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम ?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7464

बा	बु	ल		आ	का	श		यु	द्ध
रि		गा	य	ब		मीं		गां	
श	गु	न		रू	दा	ली		ध	र्म
	स्		फू		ग		डो	र	
गु		दि	ल	से		मि	ली		भा
म	शा	ल		ह	म			जं	ग
रा		ज	य	रा	ज		माँ		म
ह	म	ला			बू	म		र	भा
	ह		स	फ	र		दे		ग
य	ल	गा	र			बे	व	फा	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7559

	7	3	4		6	1
1	37		29	2	29	
6		5			4	
	38	4	29		29	
		1		7	2	3
7	33	2	32		37	
3			4	1	6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7558 का हल

2	3	1	4	6	7	5
7	30	2	25	2	34	4
4	5	6	3	1	7	2
6	34	3	35	5	33	6
1	2	7	6	4	5	3
5	32	5	42	3	32	7
3	5	4	6	7	2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8579

स	म	र	यु	दा	प	र	तू	ग	झ	दो
ज	अ	ल	प	मु	रिं	शो	ना	दि	शा	आं
अं	इ	नु	म	ल	दा	ल	ध	र	ला	खें
ती	कु	दा	रा	धा	ब	क	प	रि	श	बा
स	ति	श	न	धा	क	ब	री	ग	वी	र
री	रं	ल	प	व	लि	र्त	ऐ	ती	प	ह
क	गा	ल	श	गा	प	म	क्रां	कौ	या	हा
स	बा	अ	र्जा	त	क	छ	प्प	ग	श	थ
म	स	मि	तें	व	न	ज	मृ	शा	जू	द
द	र	ल	श	ह	र	औ	र	स	प	ना
थो	ड़	सा	रु	बा	घ	ब	हा	दु	र	क

शब्द जाल में नेशनल अवार्ड विजेता 10 हिंदी फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

मिर्जा गालिब, दो आंखें बारह हाथ, अनुराधा, शहर और सपना, तीसरी कसम, मृगया, शोध, दामुल, बाघ बहादुर, समर

शब्दजाल - 8578 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore